हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 20 फरवरी 2026

04 जिला स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल...



07 क्रिटीकल मरीजों के लिए संजीवनी बने सर्जरी...





**खबर संक्षेप**



### कलेक्टर-एसपी कर रहे कुबेरेश्वर धाम का निरंतर निरीक्षण

**सीहोर**। गत 14 फरवरी से कुबेरेश्वर धाम में रूद्राक्ष महोत्सव के तहत शिव महापुराण कथा का आयोजन हो रहा है। सभी व्यवस्थाएं एवं सेवायें सुचारू रूप संचालित हो रही है। कलेक्टर बालागुरु के. एवं एसपी दीपक कुमार शुक्ला द्वारा नियमित निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग की जा रही है। इस क्रम में गुरुवार को भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि धाम परिसर में स्वच्छता, पेयजल उपलब्धता, निर्बाध विद्युत आपूर्ति तथा यातायात संचालन सुचारू रूप से सुनिश्चित किया जाए। पार्किंग स्थलों पर सुव्यवस्थित प्रबंधन तथा भीड़ के दबाव को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रखने के निर्देश भी दिए गए। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ श्रद्धालुओं को सहज एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है।

# अवैध 'नारायण विहार' कॉलोनी पर कार्रवाई से बच रहा प्रशासन रसूख के समाने बौने साबित हो रहे कलेक्टर के भी आदेश!

## हरिभूमि में खुलासे के बाद संचालकों ने हटाया कॉलोनी का गेट, अफसर के सीधे हस्तक्षेप की चर्चा से कार्रवाई की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे स्थानीय अधिकारी

**हरिभूमि में प्रकाशित मुख्य खबर**



नारायण विहार कॉलोनी के पास नहीं है 'विकास अनुमति' उपभोक्ता कॉलोनी में प्लॉट खरीदने से पहले जांचें हकीकत!

कॉलोनाइजर को तहसीलदार ने थमाया नोटिस, खेत पर काटी जा रही है कॉलोनी, विकास अनुमति के बिना ही बेचे जा रहे आवासीय प्लॉट

कलेक्टर के आदेश पर जिले में अवैध कॉलोनाइजरों की सूची तैयार

सीहोर। जिला मुख्यालय पर रेलवे पटरियों के पास विकसित की जा रही नारायण विहार कॉलोनी प्रशासन की जांच के दायरे में आ गई है। नियमों को ताक पर रखकर बसाई जा रही इस कॉलोनी के पास अनिवार्य विकास अनुमति नहीं है। ऐसे में इस कालोनी में प्लॉट लेने वाले लोगों को अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई यहां लगाने से पहले जरूरी अनुमतियां जरूर देख लेना चाहिए।

बता दें नरेन्द्र नगर स्थित रेलवे पटरियों के पास नारायण विहार नाम की कालोनी काटी जा रही है, जिस जगह यह कालोनी काटी जा रही है, वहां पहले खेत था, लेकिन कुछ दिनों बाद यहां हरियाली की जगह क्रंकीट नजर आएगा। लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि कालोनाइजर ने विकास अनुमति नहीं ली है। इस बात का खुलासा स्वयं तहसीलदार अमित सिंह ने किया है कि कॉलोनाइजर ने जमीन का डायवर्जन तो करा लिया, लेकिन टाउन एंड कंट्री प्लानिंग और विकास अनुमति नहीं ली। इसे लेकर प्रशासन ने नोटिस जारी कर दिया है।

कलेक्टर ने जारी किए यह आदेश

गौरतलब है कि कलेक्टर बालागुरू के. ने 3 दिसंबर 2025 को जारी पत्र क्रमांक 62 के जरिए जिले के सभी राजस्व अधिकारियों और नगर पालिका अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि जिले में बिना अनुमति के बन रही अवैध कॉलोनियों की जांच कर एक सप्ताह में सूची प्रस्तुत करें। इसी आदेश के बाद अब पूरे जिले में हडकंप मचा हुआ है।

झरखेड़ा-दोराहा में भी अवैध कॉलोनियों का जाल

नारायण विहार के साथ-साथ झरखेड़ा और दोराहा क्षेत्र में भी अवैध कॉलोनाइजरों ने अपना जाल फैला रखा है। यहां तहसीलदार एसआर देशमुख ने डेढ़ दर्जन ऐसे कॉलोनाइजरों की सूची तैयार की है, जो रसूख के दम पर बिना किसी वैधानिक अनुमति के प्लॉट बेच रहे हैं।

इन कॉलोनाइजरों ने तांक पर रखे नियम

प्रशासन द्वारा झरखेड़ा में तैयार की गई सूची में नासिर इस्लाम, इनाम उल्ला, अक्सा अली, संगीता, अमान उल्ला, रेहान खान, सैयद कमर अली, मोहन पाटीदार, भूपेंद्र पाटीदार, फूल सिंह, इशाक अली, गुलाब सिंह, झनक सिंह और मुकरम जैसे नाम शामिल हैं। आरोप है कि इन्हें कुछ प्रभावशाली जनप्रतिनिधियों का संरक्षण प्राप्त है, जिसके कारण बुनियादी सुविधाओं सड़क, बिजली, पानीद के बिना ही कॉलोनी काट दी गई।

प्लॉट खरीदने से पहले यह जरूर देखें

कालोनाइजर लाइसेंस: जिला कलेक्टर कार्यालय से जारी लाइसेंस।
टाउन एंड कंट्री प्लानिंग टी एंड सीपी मंजूरी: नक्शा पास होना अनिवार्य है।
विकास अनुमति: स्थानीय निकाय से बिजली, पानी और ड्रेनेज विकास की अनुमति।
रेरा पंजीयन: मध्य प्रदेश रेरा में रजिस्ट्रेशन के बिना प्लॉट बेचना गैरकानूनी है।
एनओसी: नजूल विभाग और पर्यावरण विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र।

जल्द कार्रवाई की जाएगी

नरेंद्र नगर में काटी जा रही नारायण विहार के पास विकास अनुमति नहीं है, सिर्फ डायवर्जन है। कालोनाइजर को नोटिस जारी किया गया है। जल्द कार्रवाई की जाएगी। वहीं कलेक्टर के निर्देशानुसार बिना विकास अनुमति के काटी गई कालोनियों की सूची तैयार कर भेज दी गई है। आगे की कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों को करना है।

अमित सिंह, तहसीलदार सीहोर शहर

**खबर प्रकाशन के पहले की तस्वीर**




**खबर प्रकाशन के बाद की तस्वीर**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

**हरिभूमि फोकस**

जिला मुख्यालय पर रेलवे पटरियों के पास नियमों को ताक पर रखकर काटी जा रही नारायण विहार कॉलोनी इन दिनों चर्चा का केंद्र बनी हुई है। ताजा घटनाक्रम में 'हरिभूमि' समाचार पत्र में कॉलोनी की अवैधता को लेकर प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने के बाद हडक़ंप मच गया है। अपनी गर्दन फंसती देख कॉलोनी संचालकों ने कॉलोनी का नाम लिखा मुख्य गेट हटा दिया है। हालांकि इस पूरे मामले में सबसे चौंकाने वाली बात प्रशासन की रहस्यमयी चुप्पी है। सूत्रों की मानें तो इस कॉलोनी के पीछे एक बड़े अफसर का सीधा हस्तक्षेप है, जिसके चलते स्थानीय अमला कार्रवाई करने से कन्नी काट रहा है।

गौरतलब है कि कलेक्टर बालागुरू के. ने बीते 3 दिसंबर 2025 को पत्र जारी कर जिले के सभी राजस्व और नगर पालिका अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए थे। आदेश में स्पष्ट था कि एक सप्ताह के भीतर बिना अनुमति बन रही अवैध कॉलोनियों की सूची तैयार कर कार्रवाई की जाए।

कलेक्टर के इस फरमान से पूरे जिले के अवैध कॉलोनाइजरों में हडक़ंप मचा हुआ है, लेकिन नरेंद्र नगर स्थित रेलवे पटरियों के पास विकसित हो रही नारायण विहार कॉलोनी पर इसका कोई असर नहीं दिख रहा। जानकारों का कहना है कि कॉलोनी में एक अफसर का सीधा हस्तक्षेप और निवेश है, यही कारण है कि तहसीलदार के नोटिस के बावजूद यहां कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

### डायवर्जन तो करा लिया, पर विकास अनुमति गायब

इस मामले में तहसीलदार अमित सिंह ने स्वयं स्वीकार किया है कि कॉलोनी संचालकों ने नियमों का मखौल उड़ाया है। संचालकों ने जमीन का डायवर्जन तो करा लिया, लेकिन टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से नक्शा पास नहीं कराया और न ही स्थानीय निकाय से विकास अनुमति ली है।

बता दें नियमानुसार बिना विकास अनुमति के किसी भी खेत पर कंक्रीट का जाल बिछाना और प्लॉट बेचना पूरी तरह गैरकानूनी है। बावजूद इसके हरे-भरे खेतों को उजाडक़र यहां प्लॉटिंग का खेल धड़ल्ले से जारी है।

### खतरे में आम जनता की गाढ़ी कमाई

प्रशासन की सुस्ती और अफसरों के रसूख के बीच सबसे ज्यादा खतरा उन मध्यमवर्गीय परिवारों को है, जो अपने आशियाने का सपना लेकर यहां निवेश कर रहे हैं। बिना रेरा पंजीयन और बिना विकास अनुमति के काटी जा रही इस कॉलोनी में प्लॉट खरीदना भविष्य में कानूनी पचड़ों को दावत देना है।

### प्लॉट खरीदने से पहले जांचें यह पांच बिंदु

- कालोनाइजर लाइसेंस: कलेक्टर कार्यालय द्वारा जारी वैध लाइसेंस।
- टी एंड सीपी मंजूरी: टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से स्वीकृत नक्शा।
- विकास अनुमति: स्थानीय नगर पालिका या निकाय से बुनियादी विकास की अनुमति।
- रेरा पंजीयन: इसके बिना प्लॉट बेचना या विज्ञापन देना दंडनीय अपराध है।
- एनओसी: नजूल और पर्यावरण विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र।

## रुद्राक्ष महोत्सव के छठवें दिन उमड़ा जन सैलाब, कथा वाचक पंडित देवकीनंदन ठाकुर ने कहा- कुबेरेश्वरधाम पर स्वयं महादेव विराजमान

# प्रतीक्षा अगर शबरी जैसी हो और विश्वास गुरु के शब्दों पर हो, तो भगवान को भी आना पड़ता है : पं. प्रदीप मिश्रा

साठ क्विंटल से अधिक हलवे का भोग लगाकर प्रसादी का वितरण, पांच क्विंटल फूलों से सजाया, धतूरा किया अर्पित





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

गुरु केवल मार्ग नहीं दिखाते, वे वह दृष्टि देते हैं जिससे हम ईश्वर को देख सकें। मां शबरी का अपने गुरु मतंग ऋषि के प्रति अटूट विश्वास ही था, जिसने राम को उनकी कुटिया तक खींच लाया। श्रवण, सत्संग और जप का प्रभाव क्या होता है, माता शबरी को भगवान श्रीराम ने बताया था, श्रीराम ने माता शबरी से कहा कि मैं परीक्षा से नहीं मिलता मैं तो भरोसा और प्रतीक्षा से प्राप्त होता हूं। कहा जाता है कि जब ऋषि मतंग मृत्यु के निकट थे, तब वृद्धावस्था पा चुकीं शबरी ने उनसे पूछा कि आप जैसा ज्ञान, वैराग्य और प्रभु के दर्शन मुझे कैसे प्राप्त होंगे। ऋषि मतंग ने देह त्यागने से ठीक पहले उन्हें वरदान दिया कि निःस्वार्थ सेवा के लिए तुम्हें न केवल प्रभु के दर्शन मिलेंगे, बल्कि भगवान राम खुद चलकर तुम्हारे पास आएंगे। तब से शबरी भगवान राम के आगमन की प्रतीक्षा में लग गयी थीं। उसके उपरांत उसकी मनोकामना पूरी हुई।

उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम पर जारी सात दिवसीय रुद्राक्ष महोत्सव के छठवे दिवस अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। देर रात्रि को समिति की ओर से पंडित समीर शुक्ला, पंडित विनय मिश्रा सहित अन्य ने बाबा का पांच क्विंटल से अधिक फूलों से विशेष श्रृंगार किया था, वहीं गुरुवार को फुलेरा दूज के मौके पर यहां पर करीब पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने धाम पर दर्शन किए। श्रद्धालुओं को समिति की ओर से 200 क्विंटल से अधिक आटे की रोटी, 100 क्विंटल खिचड़ी, 90 क्विंटल से अधिक हलवे की प्रसादी और 20 क्विंटल नमकीन आदि की भोजन प्रसादी का वितरण किया। व्यासपीठ पर पहुंचे कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर ने कहाकि कुबेरेश्वरधाम पर स्वयं महादेव विराजमान है, हमारे प्रिंय अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक प्रदीप मिश्रा का आदर करते हुए कहाकि कुबेरेश्वरधाम पर स्वयं महादेव विराजमान है, यहां पर भक्ति का महासागर उमड़ रहा है। पंडित श्री मिश्रा की सरलता, दिव्यता और भव्यता उनके कर्म, आचरण और स्वभाव में झलकती है। उनके पुत्र पंडित राघव मिश्रा भी उनकी तरह विनम्र है। मैं कामना करता हूं कि जो नाम पंडित श्री मिश्रा ने दुनिया में स्थापित किया उससे अधिक उनके पुत्र की कीर्ति बड़े।

**सनातन बोर्ड की मांग उठाते हुए सभी को इसके लिए जुट जाने और काम करने की जरूरत पर जोर दिया** : कथा वाचक देवकीनंदन महाराज ने सनातन बोर्ड की मांग उठाते हुए सभी को इसके लिए जुट जाने और काम करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्य है कि दूसरे मजहबों के कई देश हैं, जिनमें सब एक हैं लेकिन हिंदुओं का एक देश है, उसमें भी हिंदू बंटे हुए हैं।

### रुद्राक्ष महोत्सव : फुलेरा दूज पर कुबेरेश्वरधाम में भक्तों का सैलाब, पांच क्विंटल फूलों से हुआ श्रृंगार

विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि फुलेरा दूज के अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जल और धतूरा अर्पित किया। मध्य रात्रि से ही श्रद्धालु धाम पर पहुंचने लगे थे और भजन-कीर्तन में लीन रहे। शुक्रवार को कथा सुबह आठ बजे आरंभ होगी। अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा में प्रतिदिन लाखों भक्त उपस्थित हो रहे हैं। उन्होंने अपने प्रवचन में कहा-अगर हमारे पास धन, समय और वस्तुएं हैं तो जरूरतमंदों की मदद करने में पीछे नहीं हटना चाहिए। परोपकार सबसे बड़ा पुण्य है।

### सनातन प्रीमियम लीग और सनातन धर्म संसद

पं. प्रदीप मिश्रा ने व्यास पीठ का आशीर्वाद लेने पहुंचे कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर महाराज सनातन धर्म के पुनर्जागरण, संस्कृति संरक्षण और युवाओं को भारतीय परंपराओं से जोड़ने के लिए निरंतर कार्यरत हैं। वे भागवत कथाओं के माध्यम से धर्म, संस्कार और राष्ट्र प्रेम का संदेश देते हैं, साथ ही सनातन प्रीमियम लीग और सनातन धर्म संसद जैसी पहलों के जरिए युवाओं को धर्म से जोड़ रहे हैं।बच्चों को उनकी रुचि की भाषा में सनातन संस्कृति से जोड़ने के लिए देश के प्रमुख कथाचार्य अब क्रिकेट की शरण में हैं। इंदौर के नेहरू स्टेडियम में 13 मार्च से देश का पहला सनातन प्रीमियर लीग होगा, जिसमें देशभर से चुनी आठ टीमें खेलेंगी। 15 मार्च को फाइनल होगा, जिसमें विजेताओं को ट्रॉफी दी जाएगी। प्रसिद्ध कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने इसकी पहल की है। ट्रॉफी के खिलाड़ियों ने ही दिल्ली, जयपुर, सूरत, देहरादून सहित देशभर के विभिन्न स्थानों से खिलाड़ियों का चयन किया है।


## अचानक से हुए पश्चिमी विक्षोभ के कारण यह बदलाव देखने को मिला

# मौसम बदला: श्यामपुर में 1.1 एमएम, आष्टा में 1.0 एमएम व जावर में 2.0 एमएम बारिश दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में अचानक मौसम का मिजाज बदल गया है। बीते 24 घंटों के दौरान जिले में रुक-रुक कर बारिश हुई, जिससे एक बार फिर ठंड लौट आई है। सीहोर में 5.0 एमएम, श्यामपुर में 1.1 एमएम, आष्टा में 1.0 एमएम और जावर में 2.0 एमएम बारिश दर्ज की गई।

मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टरबेंस) के कारण यह बदलाव देखने को मिल रहा है। मंगलवार दोपहर को तेज धूप के कारण थोड़ी गर्मी बढ़ी थी, लेकिन देर रात से बुधवार सुबह तक रुक-रुक कर कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश होती रही।



दिसंबर और जनवरी माह में सीहोर जिले का न्यूनतम तापमान लगातार 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ था। फरवरी की शुरुआत के साथ ही मौसम में परिवर्तन देखा गया। पहले सप्ताह में घना कोहरा छाया रहा, जबकि दूसरे सप्ताह में कभी गर्मी तो कभी ठंड का अनुभव हुआ। रात का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस रहा, वहीं दोपहर में यह 24 डिग्री तक पहुंच गया था। फरवरी के तीसरे सप्ताह में मौसम ने अचानक करवट ली। मंगलवार रात 10 बजे से तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हुई, जो रात भर जारी रही और सुबह भी रिमझिम बारिश हुई। इससे वातावरण ठंडक लौट आई।

# घायल नीलगाय का सफल रेस्क्यू: वन विभाग ने ग्रामीणों की मदद से किया इलाज, जंगल में छोड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के ग्राम थूना में एक घायल नीलगाय का वन विभाग और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सफल रेस्क्यू किया गया। नीलगाय को प्राथमिक उपचार के बाद सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया।वन विभाग को सूचना मिली थी कि थूना गांव में एक नीलगाय घायल अवस्था में है। सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला सक्रिय हो गया। नीलगाय को पकड़ने का अभियान पूरी रात जारी रहा। वन विभाग के डिप्टी रेंजर सहित टीम ने काफी मशक्कत के बाद नीलगाय को सुरक्षित रेस्क्यू किया। घायल नीलगाय की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए थे। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम को नीलगाय को काबू करने में काफी कठिनाई हुई, क्योंकि वह इधर-उधर भाग रही थी। कड़ी मशक्कत के बाद उसे पकड़ा जा सका।

### प्राथमिक उपचार किया कैसे लगी, पता नहीं?

रेस्क्यू के बाद नीलगाय का प्राथमिक उपचार किया गया। कुछ हद तक स्वस्थ होने पर उसे जंगल में छोड़ दिया गया। हालांकि, यह अभी ज्ञात नहीं हो सका है कि नीलगाय आवासीय क्षेत्र में कैसे आ गई थी और उसके घायल होने का कारण क्या था।

## खबर संक्षेप



### नरवाई जलाने पर प्रतिबंध, उल्लंघन पर जुर्माने का प्रावधान

**सीहोर।** जिला दंडाधिकारी बालागुरु के. द्वारा सीहोर जिले की खेतों में नरवाई (गेहूं, चना, मसूर के डंठल) जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार यह प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से लागू होगा और 19 अप्रैल तक प्रभावशील रहेगा। आदेश में उल्लेख किया गया है कि फसल कटाई के बाद अगली फसल की तैयारी हेतु कुछ किसानों द्वारा खेतों में आग लगाकर नरवाई नष्ट की जाती है, जिससे हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। साथ ही इससे मिट्टी की उर्वरता कम होती है, सूक्ष्म जीव नष्ट होते हैं, जनसंपत्ति और प्राकृतिक वनस्पति को नुकसान पहुंचता है तथा आगजनी की घटनाओं की आशंका बनी रहती है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नरवाई जलाने से कानून-व्यवस्था की स्थिति भी प्रभावित हो सकती है। जिले में रोटावेटर जैसे वैकल्पिक साधन उपलब्ध हैं, जिनका उपयोग कर खेत साफ किए जा सकते हैं। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अंतर्गत एक पक्षीय रूप से पारित किया गया है और पूरे सीहोर जिले में प्रभावशील रहेगा। उल्लंघन करने पर दंडनीय कार्रवाई की जाएगी।

### महिला डॉक्टर के अभाव में मजबूरन निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है

# जिला स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल, महिला डॉक्टर सहित नए चिकित्सकों की पदस्थापना का इंतजार

100 बेड का सिविल अस्पताल कागजों में मजबूत, जमीनी हकीकत में दो डॉक्टरों के भरोसे 400 ओपीडी




हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

करोड़ों रुपये की लागत से बना 100 बेड का सिविल अस्पताल आज खुद 'आईसीयू' में नजर आ रहा है। भवन भव्य है, मशीनें आधुनिक हैं, लेकिन इलाज देने वाले डॉक्टरों का अभाव पूरे सिस्टम की पोल खोल रहा है। रोजाना 400 से अधिक मरीज ओपीडी में पहुंच रहे हैं, जबकि उपचार की जिम्मेदारी महज दो डॉक्टरों के कंधों पर है। नतीजतन मरीजों को घंटों कतार में खड़ा रहना पड़ रहा है और गंभीर रोगियों को भी समय पर परामर्श नहीं मिल पा रहा।

अस्पताल में वर्तमान में पांच डॉक्टर पदस्थ बताए जा रहे हैं, जिनमें एक बॉन्ड पर सेवाएं दे रहा है। वहीं पांच डॉक्टर पीजी के लिए जा चुके हैं, जिससे व्यवस्थाएं और चरमरा गई हैं। सबसे गंभीर स्थिति यह है कि अस्पताल में एक भी महिला चिकित्सक उपलब्ध नहीं है। ऐसे में प्रसूति एवं स्त्री रोग संबंधी समस्याओं के लिए आने वाली महिलाओं को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

**गर्भवती महिलाओं की बढ़ी चिंता :** महिला डॉक्टर के अभाव में गर्भवती महिलाओं को मजबूरन जिला अस्पताल या निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए यह अतिरिक्त बोझ साबित हो रहा है। जांच, दवाइयों और आवागमन का खर्च उनकी कमर तोड़ रहा है। नियमों के अनुसार महिला की मृत्यु के मामलों में पोस्टमार्टम के दौरान महिला डॉक्टर की उपस्थिति आवश्यक होती है, लेकिन यहां यह व्यवस्था भी नदारद है। सवाल उठता है कि ऐसी स्थिति में आपात हालात से कैसे निपटा जाएगा।

जानकारी के मुताबिक महिला डॉक्टर रुक्मणि गुलहरिया का तबादला इछावर हो चुका है, लेकिन अस्पताल परिसर में उनके नाम के पोस्टर अब भी लगे हैं। इससे मरीजों में भ्रम की स्थिति बन रही है। महिलाएं उम्मीद लेकर अस्पताल पहुंचती हैं और निराश होकर लौटती हैं। यह स्थिति प्रशासनिक उदासीनता को उजागर करती है।



#### आईसीयू बना शोपीस

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में इस अस्पताल को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया था। आईसीयू वार्ड, महंगी जांच मशीनें और बड़ा भवन इस उद्देश्य से तैयार किया गया था कि क्षेत्रीय लोगों को बेहतर इलाज स्थानीय स्तर पर मिल सके। लेकिन आज आईसीयू वार्ड में ताला लटका है। प्रशिक्षित स्टाफ और विशेषज्ञ डॉक्टरों के अभाव में लाखों की मशीनें धूल खा रही हैं। करोड़ों की यह सौगात उपयोग के अभाव में बेकार होती जा रही है।




#### इमरजेंसी सेवाएं भी प्रभावित

डॉक्टरों की कमी का असर आपातकालीन सेवाओं पर भी पड़ रहा है। जिस दिन एक डॉक्टर इमरजेंसी में ड्यूटी करता है, अगले दिन अवकाश या अन्य कार्यों के कारण उपलब्ध नहीं रहता। ऐसे में 24 घंटे बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का दावा खोखला नजर आता है। 100 बेड की क्षमता वाला अस्पताल जब बुनियादी स्टाफ से ही वंचित हो, तो उसकी उपयोगिता पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

#### ग्रामीण क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित

इस स्थिति का सबसे ज्यादा असर ग्रामीण अंचल के मरीजों पर पड़ रहा है। लोग मजबूरी में निजी अस्पतालों में महंगा इलाज करवा रहे हैं या फिर अनुभवहीन क्लीनिकों में इलाज कर अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। स्वास्थ्य सेवाओं की यह बदहाली सीधे तौर पर जिला स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगाती है।


**जवाबदेही कब तय होगी :** नगरवासियों का सवाल साफ है जब अस्पताल में भवन, बेड और उपकरण मौजूद हैं, तो डॉक्टरों की नियमित नियुक्ति क्यों नहीं की जा रही। महिला डॉक्टर सहित अन्य रिक्त पदों पर पदस्थापना कब होगी। क्या विभाग बढ़ती ओपीडी और महिलाओं की समस्याओं से अनजान है, या फिर व्यवस्था सुधारने की इच्छाशक्ति का अभाव है। भैरूंदा का सिविल अस्पताल आज सुविधाओं और स्टाफ के बीच गहरे असंतुलन का प्रतीक बन चुका है। यदि जल्द ही महिला डॉक्टर सहित पर्याप्त चिकित्सकों की पदस्थापना नहीं की गई, तो करोड़ों की यह स्वास्थ्य व्यवस्था महज दिखावा बनकर रह जाएगी। अब देखना यह है कि जिला स्वास्थ्य विभाग इस गंभीर स्थिति पर कब तक मौन रहता है और सुधार की दिशा में ठोस कदम कब उठाए जाते हैं।

**महिला डॉक्टर पदस्थ नहीं है**

सिविल अस्पताल में महिला डॉक्टर पदस्थ नहीं है, वर्तमान में कुल पांच डॉक्टर पदस्थ हैं, इनमें से से एक डॉक्टर बॉन्ड पर है।

**मनीष सारस्वत,** सीबीएमओ सिविल अस्पताल, भैरुंदा

## 12 जोड़े बंधेंगे वैवाहिक सूत्र में, नर्मदाष्टक व महाआरती से गूंजेगा परिसर



**भैरूंदा।** सामाजिक समरसता, सेवा और संस्कारों की सशक्त परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अखिल भारतीय आदर्श क्षत्रिय कलोता समाज द्वारा 20 फरवरी, शुक्रवार को इटावा स्थित कृष्णा पैलेस मैरिज गार्डन में भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन में समाज के 12 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधेंगे। धार्मिक आस्था से ओतप्रोत इस आयोजन में नर्मदाष्टक पाठ एवं भव्य महाआरती भी आयोजित की जाएगी, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर होगा।

सामूहिक विवाह सम्मेलन को सफल बनाने में समाजजनों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। इसी क्रम में भैरूंदा के कापड़ी पटेल परिवार और खनपुरा के मकवाना पटेल परिवार ने अनुकरणीय पहल करते हुए सम्मेलन में भोजन प्रसादी की संपूर्ण व्यवस्था का दायित्व अपने ऊपर लिया है। विगत दिनों आदर्श सग नंदिनी के विवाह के पावन अवसर पर दोनों परिवारों ने समाजहित में यह संकल्प लिया, जिसे अब वे सेवा भाव से निभा रहे हैं।

परिवार के विश्राम पटेल, हरिओम पटेल, रामकृष्ण पटेल, अर्जुन पटेल, रामोतार पटेल, करण पटेल, सुनील पटेल एवं राज पटेल सहित सभी सदस्यों ने तन-मन-धन से सहयोग देने का निर्णय लिया है। समाज के वरिष्ठजनों का कहना है कि सामूहिक विवाह केवल एक वैवाहिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, आर्थिक सहयोग और सांस्कृतिक परंपराओं का सशक्त प्रतीक होता है। ऐसे आयोजनों में भोजन व्यवस्था जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उठाना सेवा, सद्भाव और संगठन शक्ति की मिसाल है। सम्मेलन में विवाह की पारंपरिक विधियों के साथ धार्मिक अनुष्ठान भी संपन्न होंगे। नर्मदाष्टक के सामूहिक पाठ और महाआरती से आयोजन को विशेष आध्यात्मिक स्वरूप दिया जाएगा। आयोजकों का मानना है कि इससे नवविवाहित जोड़ों को आध्यात्मिक आशीर्वाद प्राप्त होगा और समाज में धार्मिक चेतना का संचार होगा। समाज में इस पहल की व्यापक सराहना हो रही है। लोगों का कहना है कि सक्षम परिवारों द्वारा इस प्रकार आगे आकर जिम्मेदारी उठाना समाज को एक नई दिशा देता है। यह कदम न केवल नवदंपतियों के लिए आशीर्वाद स्वरूप है, बल्कि अन्य परिवारों को भी प्रेरित करता है कि वे ऐसे पुनीत आयोजनों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाएं।

### संकल्प से समाधान अभियान में 62 हजार आवेदनों का निराकरण किया

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा अभियान के माध्यम से जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। लंबित प्रकरणों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। इस अभियान के अंतर्गत 19 फरवरी 2026 तक विभिन्न विभागों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की प्रगति रिपोर्ट के अनुसार अभियान के तहत कुल 67,301 आवेदन दर्ज हुए, जिनमें से 62,317 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है, जबकि 4,984 प्रकरण लंबित हैं।

सबसे अधिक आवेदन सहकारिता विभाग में किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत प्राप्त हुए, जहां 23,263 में से 23,233 प्रकरणों का निराकरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 9,094 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 8,873 का निराकरण किया जा चुका है। इसी प्रकार राजस्व विभाग में चालू खसरा खतौनी की प्रतिलिपि के 6,297 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 4,728 का निराकरण हुआ। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भवन निर्माण अनुमति के 6,110 आवेदनों में से 5,977 प्रकरणों का समाधान किया गया।

## युवा संगम रोजगार मेले में 161 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला प्रशासन द्वारा शासकीय महिला आईटीआई सीहोर में युवा संगम (रोज़गार, स्वरोज़गार एवं अप्रेंटिसशिप मेला) का आयोजन किया गया । मेले में जिले की प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित युवाओं का साक्षात्कार लिया गया तथा योग्यता के अनुसार चयन किया गया । कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को रोजगार, स्वरोज़गार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराना रहा। रोजगार मेले में कुल 218 युवक/युवतियों ने पंजीयन कराया, जिनका विभिन्न कंपनियों द्वारा साक्षात्कार किया गया। प्रारंभिक रूप से 14 कंपनियों द्वारा कुल 161 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन किया गया ।

रोजगार मेले में पुष्कर एग्रोटेक लिमिटेड भोपाल के द्वारा 10, श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड सीहोर 15, इंटीग्रेटेड पर्सनल सर्विस लिमिटेड अहमदाबाद 7, एमआरएफ लिमिटेड दहेज (गुजरात) 10, चेकमेट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड वडोदरा 14, पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड भोपाल 12, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन लिमिटेड सीहोर 6, एसबीआई लाइफ सीहोर 6, एन आई आई टी भोपाल, एचडीएफसी एक्सिस बैंक 6, स्वर्ण फर्टिलाइजर एवं केमिकल प्राइवेट लिमिटेड पीलूखेड़ी 9, एचडीएफसी लाइफ 28, ट्राइडेंट ग्रुप बुधनी 11, वर्धमान फैब्रिक्स बुधनी 9 एवं फ्रीडम एम्प्लॉयबिलिटी अकैडमी 18 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन किया गया । स्वरोजगार विभाग द्वारा युवा संगम कार्यक्रम में मंच पर 8 ग्रामीण/शहरी लाभान्वित हितग्राहियों को ऋण के स्वीकृति पत्रों का वितरण किया गया । कार्यक्रम के अंत में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, सीहोर के प्रबंधक श्री संदीप उइके द्वारा आभार व्यक्त किया गया। रोजगार मेले में महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र श्री अनुराग वर्मा, प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी सीहोर श्री स्वप्निल श्रीवास्तव, प्राचार्य शासकीय अंबेडकर महिला आई.आई.टी. सीहोर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## माताओं को राम रोटी बनाकर बच्चों को खिलाना चाहिए : पूजा शर्मा





**रेहटी।** रेहटी तहसील के गांव ककरदा मे माता जी हनुमान जी, श्री राधा कृष्ण भगवान की प्रणा प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर 18 फरवरी से 24 फरवरी तक सात दिवसीय नव चण्डी महायज्ञ का आयोजन के मंदिर प्रांगण मे पंडित सतीश शास्त्री आचार्य मे 13 जोडे सहपत्नी के साथ मे यज्ञ नारायण भगवान की पूजा-अर्चना करके आहुतियां डाली जा रही है 24 फरवरी को भगवान हनुमान जी अंबे माताजी एवं राधा कृष्ण भगवान की स्थापना की जाएगी और इसी दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा 18 फरवरी से 24 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा कथा का आयोजन भी इन्दौर की सुप्रसिद्ध कथा वाचक पूजा शर्मा के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का श्रवण कराया जा रहा है श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा वाचक पूजा शर्मा पुंजापुरा इन्दौर ने कथा मे बताया कि सत्संग व कथा के माध्यम से मनुष्य भगवान की शरण में पहुंचता है, वरना वह इस संसार में आकर मोहमाया के चक्कर में पड़ जाता है, इसीलिए मनुष्य को समय निकालकर श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए। बच्चों को संस्कारवान बनाकर सत्संग कथा के लिए प्रेरित करें। वास्तव में भगवान की कथा के दर्शन हर किसी को प्राप्त नहीं होते। कलियुग में भागवत साक्षात श्रीहरि का रूप है।

पावन हृदय से इसका स्मरण मात्र करने पर करोड़ों पुण्यों का फल प्राप्त हो जाता है। अर्जुन ने भगवान श्रीकृष्ण से पूछा कि भगवान कर्ण का नाम दानवीर कर्ण क्यों कहा जाता है भगवान श्री कृष्णा ने अपनी माया के जरिए एक सोने का पर्वत बनाया और अर्जुन से कहा की अर्जुन आपको इस सोने के पर्वत को 24 घंटे में दान करना है अर्जुन 24 घंटे में थोड़ा सा ही सोने का पर्वत दान कर पाए क्योंकि अर्जुन आदमी को देखकर दान कर रहे थे भगवान ने कहा अर्जुन आप तो पूरा पर्वत दान नहीं कर पाए उसके बाद भगवान श्रीकृष्ण ने कर्ण को कहा कि कर्ण आपको इस सोने के पर्वत को 24 घंटे में दान करना है कर्ण ने नगर में डोडी पिटाई और कहा कि कल सोने का दान किया जाएगा सभी लोग दान लेने आए जैसे लोग दान लेने आए वहां पर कर्ण ने दान लेने वालों से कहा कि आप लोग से जितना इसमें से सोना ले जाना है ले जाइए 1 घंटे में पूरा सोने का पर्वत लोगों को दान कर दिया भगवान ने अर्जुन से कहा कि अर्जुन देखा आप मे और कर्ण में क्या फर्क है अर्जुन बोले कि भगवान यह तो उन्होंने लुटा दिया श्री कृष्ण ने कहा की क्या आप का सोने पर्वत था इस प्रकार भगवान कृष्ण ने अर्जुन को समझाया कि आपको तो सोने का पर्वत मैंने दिया था उसको बचा कर क्या करना था और कर्ण ने वही किया कि जो मेरा नहीं उसे दान करने में मेरा क्या जाता है।

कथा कल्पवृक्ष के समान है, जिससे सभी इच्छाओं की पूर्ति की जा सकती है।यज्ञ नारायण के मुख्य जय यजमान राकेश चौहान, कुबेर सिंह चौहान, राधेश्याम चौहान, लखनलाल जाट, भगवान सिह चौहान, सचिन चौहान, मेहरबान सिंह चौहान, गोलू चौहान, दिनेश पटेल, बलराम जाट, जीवन चौहान सहपत्नी जोडे से यजमान बने है मुख्य यजमान कमल पटेल ने सहपत्नी भागवत महापुराण की महाआरती की गई अंत में प्रसाद वितरण यह आयोजन गांव के सभी धर्म प्रेमी जनता की और सार्वजनिक रूप से किया जा रहा है

### केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की पहल को कार्यकर्ताओं ने आगे बढ़ाया

# 5 वर्ष बेमिसाल: जनप्रतिनिधियों व खिलाड़ियों ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को साकार करते हुए भारतीय जनता पार्टी मंडल लाड़कुई द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। केंद्रीय कृषि एवं पंचायत ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा लगातार पाँच वर्षों से किए जा रहे पौधरोपण अभियान की सफलतम पूर्णता के अवसर पर मंडल के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं खिलाड़ियों ने मिलकर पौधरोपण किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित पदाधिकारियों और युवाओं ने पर्यावरण संतुलन बनाए रखने तथा हरित क्षेत्र बढ़ाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की सुरक्षा का आधार हैं। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच पौधरोपण जैसे प्रयास समाज को सकारात्मक दिशा देते हैं। मंडल अध्यक्ष पवन मीणा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री की प्रेरणा से चल रहा यह अभियान अब जन-आंदोलन का रूप ले चुका है। लगातार पाँच वर्षों तक पौधरोपण कर एक मिसाल प्रस्तुत की गई है, जिसे कार्यकर्ता गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने युवाओं और खिलाड़ियों से अपील की कि वे सिर्फ पौधे लगाएं ही नहीं, बल्कि उनकी नियमित देखरेख भी सुनिश्चित करें।



इस अवसर पर अरविंद मंडलोई, बबलू पटेल, भगवान मीणा, अर्जुन मीणा, विजय मीना, गोविंद मीणा, भूरा मीणा सहित मंडल के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में खिलाड़ियों की भागीदारी ने आयोजन को विशेष ऊर्जा प्रदान की। युवाओं ने उत्साहपूर्वक पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान यह भी कहा गया कि पौधरोपण केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि सतत प्रक्रिया है। लगाए गए पौधों की सुरक्षा, सिंचाई और संरक्षण की जिम्मेदारी सामूहिक रूप से निभाई जाएगी। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र में अधिक से अधिक हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प दोहराया।

### 5 हॉर्स पॉवर तक कृषि पंप कनेक्शन मात्र 5 रुपए में

**सीहोर।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने किसानों को बड़ी राहत देते हुए सिंचाई कार्य के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में 5 हॉर्स पॉवर तक के ऑनलाइन स्थाई कृषि विद्युत संयोजन के लिए आवेदन शुल्क को मात्र 5 रुपये निर्धारित किया है।

यह सुविधा उन मामलों में दी जाएगी, जहाँ विद्युत लाइन विस्तार की आवश्यकता नहीं होगी। यह योजना मध्य क्षेत्र एवं पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी क्षेत्र में भी जारी है। कंपनी द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार, अब तक प्रचलित व्यवस्था में किसानों से ऑनलाइन आवेदन के लिए 2500 रुपये पंजीयन शुल्क एवं सुरक्षा निधि जमा कराई जा रही थी।

**न्यायालय जिला दण्डाधिकारी सीहोर जिला सीहोर, म०प्र०**

प्र.क. /अ-78/25-26 दिनांक/01/2026

**:: सूचना पत्र::**

प्रति,
1- श्री संतोष गुप्ता आ० श्री रामभरोस गुप्ता, निवासी संजय नगर जैन रोड गल्ला मंडी सीहोर तहसील व जिला सीहोर
मो. 9424843163

विषय:-
वित्तीय अस्तियों के प्रभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 अंतर्गत बंधक रखी परिसंपत्ति पर अधिपत्य दिलाने हेतु।

प्राधिकृत अधिकारी म०प्र०ग्रामीण बैंक द्वारा मुख्त्यार ग्रहिता श्री मनोज कुमार सोमानी क्षेत्रीय प्रबंधक, म०प्र०ग्रामीण बैंक, सीहोर म०प्र० द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत से किया है। जिसमें उन्होने अनुबंध की शर्तों के अनुरूप ऋण की राशि वापसी नहीं करने पर बंधक रखी गई संपत्ति का आधिपत्य दिलाने का अनुरोध किया गया है। विषयांतर्गत प्रकरण में दिनांक 02.03.2026 को इस न्यायालय में पेशी नियत है। अतः आप उक्त दिनाक को इस न्यायालय में अपरान्ह 03.00 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। अनुपस्थिति की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

**जिला दंडाधिकारी, सीहोर**
**सीहोर दिनांक 16.02.2026**

### एक ही मरीज के निकाले 17 सिस्ट, आर्थिक बोझ से भी बचाया

# क्रिटीकल मरीजों के लिए संजीवनी बने सर्जरी एक्सपर्ट : डॉ. देशवाली

### जटिल बीमारियों का कम खर्च में सफल ऑपरेशन, मरीजों को मिल रही बड़ी राहत





**मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहे**

- बड़े शहरों में रेफर होने की जरूरत कम
- कम खर्च में गुणवत्तापूर्ण सर्जरी
- गंभीर मामलों में भी मिल रही सफलता
- क्षेत्र के लोगों का कहना है कि अगर इसी तरह विशेषज्ञ सेवाएं मिलती रहीं तो जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था में बड़ा सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़

लंबे समय से सर्जरी विशेषज्ञ की कमी से जूझ रहे जिले के क्रिटिकल मरीजों को अब बड़ी राहत मिली है। जिला अस्पताल में सर्जरी विशेषज्ञ डॉ अंकुर देशवाली के आने से जटिल बीमारियों का इलाज स्थानीय स्तर पर ही संभव हो रहा है। खास बात यह है कि महंगे निजी अस्पतालों के मुकाबले यहां कम खर्च में ऑपरेशन किए जा रहे हैं, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को सबसे ज्यादा फायदा मिल रहा है।

जिला कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा,सीएमएचओ डॉ शोभा पटेल एवं सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा के अथक प्रयासों से जिला अस्पताल को संजीवनी के रूप में डॉ अंकुर देशवाली जैसा सर्जरी एक्सपर्ट मिल गया।

#### 17 सिस्ट (गांठें) निकाल कर दिया नया जीवन, खर्चा जीरो

हाल ही में सारंगपुर सिविल अस्पताल में हुए एक जटिल सर्जरी ने पूरे क्षेत्र का ध्यान अपनी ओर खींचा। डॉक्टर अंकुर देशवाली ने एक मरीज के शरीर से एक साथ 17 सिस्ट (गांठें) सफलतापूर्वक निकालकर बड़ी उपलब्धि हासिल की। यह ऑपरेशन बेहद चुनौतीपूर्ण था, लेकिन विशेषज्ञता और सावधानी से इसे सफलतापूर्वक पूरा किया गया। सबसे राहत की बात यह रही कि इतने जटिल ऑपरेशन के बावजूद मरीज पर भारी आर्थिक बोझ नहीं पड़ा।

स्थानीय स्तर पर ही उपचार मिलने से बड़े शहरों में रेफर होने और महंगे इलाज की परेशानी से भी बचाव हुआ। स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े लोगों का कहना है कि लंबे समय बाद क्षेत्र को ऐसा सर्जन मिला है, जो गंभीर और जटिल मामलों को भी आत्मविश्वास के साथ संभाल रहे हैं। इससे न केवल मरीजों का सेवाओं को भी मजबूती मिली है।

#### एमसीएच डिग्री ने डां अंकुर को बनाया सर्जरी में सुपर एक्सपर्ट

डॉ अंकुर देशवाली का काम के प्रति समर्पण ऐसा रहा की इंदौर के एमवाय अस्पताल में काम के प्रति समर्पण एवं मरीजों को आर्थिक शोषण से बचाने के साथ साथ सर्जरी विशेषज्ञ एमसीएच डिग्री भी एसवाय से प्राप्त की । एससीएच सर्जिकल में सुपर स्पेशलिटी डिग्री होती है जिसका लाभ सर्जरी में मरीजों को मिल रहा है।

### इंदौर से गुना शादी समारोह में जा रहे थे शामिल होने

# कार डिवाइडर से टकराकर पुल के नीचे गिरी, पति और पत्नी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 52 फोरलेन बाईपास पर धनोरा पुलिया के पास बुधवार शाम को एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए पुल से नीचे जा गिरी जिससे कार सवार पति-पत्नी दोनों की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार इंदौर निवासी दंपत्ति अपनी कार से बुधवार को इंदौर से गुना जा रहे थे तभी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 52 फोर लेन बाईपास धनोरा पुलिया के पास कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए पुलिया से नीचे जा गिरी जिससे कर सवार पति श्रीनिवास पिता काशीराम साहू उम्र 45 वर्ष निवासी एरोड्रम रोड इंदौर पत्नी सुनीता पति श्रीनिवास साहू उम्र 40 वर्ष निवासी आरोड्रो रोड इंदौर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें पास में खेत पर काम कर रहे किसान अपनी कार में डालकर सिविल अस्पताल सारंगपुर लाए । जहां डॉक्टर ने पति श्रीनिवास साहू का परीक्षण कर मृत घोषित कर दिया तथा पत्नी सुनीता साहू का डॉक्टर उपचार कर रहे थे उसी दौरान मौत हो गई दोनों पति-पत्नी के शव को पीएम रूम में रखा गया गुरुवार को पीएम होगा मृतक दंपति के परिजनों को पुलिस द्वारा सूचना की गई साथ ही पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया।

## फाइनल असेसमेंट कायाकल्प टीम ने किया निरीक्षण



**ब्यावरा।** बुधवार को सिविल हॉस्पिटल ब्यावरा में राज्य स्तरीय दो सदस्य फाइनल असेसमेंट कायाकल्प टीम ने निरीक्षण किया डॉक्टर नीरज चैहान गोविंद पाटीदार द्वारा हॉस्पिटल अप कीप, बायोवेस्ट, मैनेजमेंट ,हाइजीन एवं सेनिटेशन, इनफेक्शन कंट्रोल, इको फ्रेंडली एक्टीविटी, वियांन्ड द वाल एक्टिविटभ , डॉक्यूमेंट देखा गया। इसकी संपूर्ण रिपोर्ट राज स्तरीय सबमिट की जाएगी यदि स्कोर 70 प्रतिशत से ऊपर रहेगा तो संस्था अवार्ड के लिए नामित हो जाएगी चममत असेसमेंट में संस्था का स्कोर 80प्रतिशत से था इसलिए फाइनल असेसमेंट के लिए टीम को राजस्थानी से नियुक्त किया गया।

## भोपाल से सांवलिया सेठ मंडफिया धाम तक पैदल यात्रा का स्वागत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

भोपाल जिले के झरखेड़ा निवासी वीरेंद्र पाटीदार के नेतृत्व में 11 व्यक्ति 430 किलोमीटर की पद यात्रा भोपाल से सांवलिया सरकार मंडफिया धाम राजस्थान के लिए निकले लगभग 450 किलोमीटर की यात्रा 14 फरवरी से प्रारंभ होकर 27 फरवरी तक मंडफिया धाम पहुंचेगी जिसमें खुजनेर नगर में श्री सांवलिया सेठ मंदिर पर पैदल यात्रा का स्वागत किया श्याम विश्वकर्मा एवं श्री सांवलिया सेठ उत्सव समिति के तत्वाधान में स्वागत किया गया जिसमें पूर्व नप अध्यक्ष पंकज शर्मा नप उपाध्यक्ष बाबूलाल कुशवाहा पुजारी कमल किशोर शर्मा, बृज किशोर गुप्ता, प्रेम राजपूत,अंतर सिंह राजपूत,महेंद्र शर्मा घड़ी वाले, मुकेश राजपूत वीरेंद्र शर्मा नरेंद्र विश्वकर्मा जगदीश ट्रेलर विष्णु सेन आदि द्वारा यात्रा का स्वागत किया।

# फर्जी ट्रांसपोर्ट एजेंट बनकर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय साइबर गिरोह का पर्दाफाश

### चार आरोपी गिरफ्तार, आठ मोबाइल जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सारंगपुर पुलिस ने फर्जी ट्रांसपोर्ट एजेंट बनकर ट्रक चालकों एवं मालिकों से धोखाधड़ी करने वाले अंतर्राज्यीय साइबर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से आठ मोबाइल फोन जब्त किए हैं। पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केएल बंजारे के नेतृत्व में साइबर अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 17 फरवरी 2026 को सारंगपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के काछीखेड़ी के जंगल में कुछ युवक मोबाइल के माध्यम से फर्जी ट्रांसपोर्ट एजेंट बनकर ट्रक चालकों एवं मालिकों से ठगी कर रहे हैं। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। जंगल में नाले के पास चार युवक मोबाइल से लोगों को कॉल करते मिले। पुलिस को देखकर वे भागने लगेए लेकिन घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में शरीफ पिता अलीमा मेव य26 वर्षद्धए साहिब पिता इस्लाम मेव य22 वर्षद्धए मुनफेद पिता इलियास मेव य28 वर्षद्ध तथा हमीद पिता छुट्टन मेव य32 वर्षद्ध शामिल हैं। चारों आरोपी ग्राम उदाकाए थाना कामा जिला डिगए राजस्थान के निवासी हैं।

#### ऐसे करते थे ठगी

आरोपी ट्रक चालकों एवं मालिकों के व्हाट्सएप ग्रुप से नंबर निकालकर देश के विभिन्न शहरों में रहने वाले लोगों को फर्जी लिंक एवं मैसेज भेजते थे। प्रलोभन देकर उन्हें झांसे में लेकर अपने खातों में पैसे डलवाते थे। आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 118ध्2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता धाराओं के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ कर आगे की विवेचना की जा रही है।वही पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से आईफोनए विवो एवं ओप्पो कंपनी के कुल आठ मोबाइल फोन यलगभग 1.30 लाख रुपये कीमतद्ध जब्त किए हैं। इस कार्रवाई में एसडीओपी अरविंद सिंहए थाना प्रभारी निरीक्षक आकांक्षा हाड़ा सहित पुलिस टीम के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूमिका रही।

### राजगढ़ विस के लिए स्वीकृत

## सालाना बजटः राजगढ़ विस में नए बाइपास को मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शहर से होकर गुजरे एनएच-52 पर प्रस्तावित बाईपास के अलावा राजगढ़ नगर में एक और बाईपास निर्माण को स्वीकृति मिली है। राज्य सरकार द्वारा बुधवार को प्रस्तुत बजट में करीब 20 करोड़ रुपए लागत वाले इस नए बाईपास निर्माण को हरीझंडी दी गई।

क्षेत्रीय विधायक अमर सिंह यादव ने बताया कि क्षेत्र में बुनियादी ढांचे और अधोसंरचना विकास के लिए बजट में राजगढ़ विस के लिए 23.5 करोड़ रुपए के तीन प्रस्ताव स्वीकृत हुए हैं जो कि लंबे समय से स्वीकृति के इंतेजार में थे। इनमें नगर के यातायात के दबाव को कम करने और शहर को बाहरी कनेक्टिविटी प्रदान करने के उद्धेश्य से बाईपास हेतु 20 करोड़ रुपए आवंटित हुए हैं। यह फोरलेन बाईपास नेवज नदी से सर्किट हाऊस होते हुए बनाया जाएगा। इसके अलावा खुजनेर नगर में अतिथियों के ठहराव हेतु 2 करोड़ की लागत से आधुनिक रेस्ट हाऊस निर्माण कार्य को भी सरकार ने स्वीकृत किया है।

#### 1 करोड़ से चौड़ा होगा राजगढ़ खुजनेर मार्ग

इसके साथ ही राजगढ़-खुजनेर मार्ग के चैड़ीकरण के लिए भी 1 करोड़ 5 लाख रुपए की राशि बजट में स्वीकृत हुई है। उक्त राशि में बाद में ईजाफा किया जाएगा। इससे न केवल सड़क हादसों में कमी आएगी बल्कि आवागमन सुलभ हो पाएगा। विधायक यादव ने राज्य के सालाना बजट को जनहितेषी बताया है।

## पनियारा आश्रम मार्ग पर प्रवेश द्वार का भूमिपूजन

### जिपं सदस्य डॉ. विश्वनाथ दांगी की निधि द्वारा किया जा रहा निर्माण

**ब्यावरा।** मलावर के सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल पनियारा आश्रम जाने वाले शमशेरपुरा - सुठालिया रोड स्थित जोड़ पूर्व विधायक स्व. गोवर्धन दांगी के संकल्प को पूर्ण करते हुए उनके पुत्र जिला पंचायत सदस्य डॉ विश्वनाथ दांगी जिपं सदस्य निधि से प्रवेश द्वार(दरवाजा) का निर्माण किया जा रहा है जिसका आज महाशिवरात्रि के अवसर पर वरिष्ठजन की उपस्थिति में विधिवत भूमि पूजन किया गया है पूर्व विधायक श्री रामचंद्र दांगी, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सिंधिया, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार जाट,सुरेश सुमन जिला समन्वयक कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग, सरपंच चेनसिंह, शिवनारायण, शिव दांगी, अर्पित शर्मा, केपी बना, मोहन यादव, जनपद सदस्य विष्णु गुर्जर, घीसालाल नेताजी, महेश, सरपंच विष्णु गुर्जर, हनुमंत सिंह गुर्जर, महेंद्र गुर्जर, विधानसभा अध्यक्ष ईश्वर गुर्जर, अमर सिंह, भारत सिंह, राहुल नाथ, मुकेश, देवसिंह, राहुल, अनिल गुर्जर सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने इस विकास कार्य को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण बताया और जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

### उत्साह उमंग खुशियां सार्थक रूप में झलकती हैं जब जन्मदिन आता है : नीरज सेठिया



**छापीहेड़ा।** नगर परिषद छापीहेड़ा में कार्यरत श्री राम नागर को जन्मदिवस पर बधाई प्रेषित करने सभी इष्ट मित्र मिलने पहुंचे सभी में बारी-बारी से नागर को मिठाई खिलाते हुए जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की क्योंकि सेवार्थ भाव गर मन में रहता है तो विषम परिस्थितियों में भी सार्थक और सुगम परिस्थितियों का अनुभव साथ मिलने वालों से बन ही जाता है ऐसे ही मिलनसार है हम सबके लाडले नागर जी क्योंकि उनका स्वभाव सबके प्रति स्पष्ट रूप से सेवा भाभी दृष्टिकोण जैसा रखते हैं सबको साथ लेकर चलना तथा आगे बढ़ाने की राह सार्थक रूप से बताने के प्रयासों को निरंतर सबके बीच निछावर करना उनका स्वभाव ही सरलता जाहिर करता है तथा अपने कार्यों के प्रति कटिबद्धता के रूप में कार्य करना अपना कर्तव्य समझते हैं आज उनके जन्म दिवस पर जो मौजूद थे उन्होंने तथा जो बाहर थे मोबाइल के माध्यम से जन्मदिन की बधाइयां प्रेषित की।

### राजगढ़ में हाट बाजार के दुकानदारों को भेंट किए गुलाब के फूल

## पॉलीथिन मुक्त के लिए गांधीवादी राह पर गौसेवक



**राजगढ़।** अमानक पॉलीथीन के सेवन से गौवंश की लगातार हो रही मौतों के दृष्टिगत गौरक्षा समिति ने बुधवार को एक अभिनव पहल की है। अनेकों गौ-सेवकों ने कल मुख्यालय पर लगे साप्ताहिक हाट-बाजार पहुंचकर दुकानदारों को गुलाब का फूल भेंटकर उनसे पॉलीथीन का उपयोग न करने का आगृह किया। दुकानदारों से कहा गया कि आप लोग अगर ग्राहकों को पॉलीथीन में सामान रखकर नहीं देगे तो ग्राहक स्वयं घरों से कपड़ों के थैले, बैग लाना शुरू करेंगे। गौसेवकों द्वारा गांधीवादी तरीके से उठाए गए इस कदम की काफी सराहना की जा रही है। इस अवसर पर नयन विजयवर्गीय, दीपू पंडा, आकाश मेवाड़े, लक्ष्य तंवर, शिवनंदन गुर्जर, संजय वर्मा, पुल्कित पिपलोटिया, पंकज वर्मा, सावन पुष्पद, रोहित शर्मा, राहुल साहू, कुलदीप गुर्जर, चंपी गरवाल, कुलदीप बना सहित अन्य उपस्थित रहे।

#### कुछ हफ्ते ही सीमित रही नपा की कार्यवाही

पॉलीथीन मुक्त राजगढ़ के लिए स्थानीय निकाय द्वारा शुरूआत में जिस ऊर्जा के साथ काम किया गया था अब वह देखने नहीं मिल रहा है। नपा के कर्मचारियों ने साप्ताहिक हाट-बाजार में अमानक पॉलीथीन की जब्ती करते हुए कुछ दुकानदारों के चालान अलबत्ता बनाए थे लेकिन अब उस तरह की कार्यवाही नजर नहीं आ रही है।



## फाल्गुन अमावस्या पर भजन संध्या का आयोजन

**सारंगपुर।** फाल्गुनी अमावस्या के अवसर पर नगर के पंडितवाड़ी स्थित श्री पूर्णेश्वर महादेव मंदिर में सद्भावना और भक्ति का सुंदर वातावरण देखने को मिला। यहां सद्भावना भजन मंडल द्वारा सुमधुर भजन एवं गीतों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान गणेश एवं हनुमान जी के स्मरण के साथ भजनों के माध्यम से आराधना कर की गई। मंडल अध्यक्ष सुमित जैन ने अपने अंदाज में श्तुम ढूंढो मुझे गोपाल में खोई गैया तेरीश भजन प्रस्तुत किया। वहीं मंडल के भजन गायक पंडित आनंद जोशी ने श्करके इशारों बुला ली गयो रीए बरसाने की छोरीश भजन से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। गायक रामगोपाल राठौर ने श्खबर मोरी न ली रे बहुत दिन बीतेश तथा वरिष्ठ लक्ष्मी नारायण त्रिकार ने श्हे दुख भंजन मारुति नंदनए श्री राम जानकी बैठे हैं सीने मेंश भजन प्रस्तुत किया। पंडित राजेंद्र जोशी ने श्मेली चादर ओढ़ केशए रोहित जैन ने श्बैक पुरावश तथा आनंद उपाध्याय ने श्राम को देखकर श्री जनक नंदिनी द्वार पर जा खड़ीश भजन प्रस्तुत किए।वरिष्ठ गायक ओमप्रकाश सोनी ने श्छोड़ बैठा है सारा जमाना हमेंश भजन गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके साथ ही बालमुकुंद गुप्ता और श्याम बृजवासी ने भी अपनी भजन प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम में आर्गन पर परमानंद जोशी तथा तबले पर सुनील राव ने संगत दी। भजन संध्या के दौरान होली पर्व की आहट को ध्यान में रखते हुए कलाकारों ने होली गीतों की भी प्रस्तुति दीए जिससे माहौल रंगमय हो गया। इस अवसर पर सतीश राठौरए गोपाल वेद्यए कमल राठौरए लखन सोनीए रवि राठौर सहित बड़ी संख्या में भजन प्रेमी उपस्थित रहे।

### मध्यप्रदेश बजट 2026-27 में मंत्री पंवार के प्रयास हुए सफल

# मंत्री के प्रयासों से ब्यावरा को मिली कई सौगातें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

बुधवार को विधानसभा में प्रस्तुत मध्य प्रदेश के बजट 2026-27 में ब्यावरा विधानसभा को आधारभूत संरचना के क्षेत्र में बड़ी सौगातें प्राप्त हुई हैं। मंत्री नारायण सिंह पंवार के सतत प्रयासों एवं सक्रिय पहल के परिणामस्वरूप क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है।

#### पार्वती पुल निर्माण - क्षेत्र की जीवनरेखा को मिलेगी नई मजबूती

ब्यावरा विधानसभा के मंत्री नारायण सिंह पंवार एवं नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा के संयुक्त प्रयासों से नरसिंहगढ़-बैरसिया मार्ग पर पार्वती नदी के ऊपर नए पुल के निर्माण को इस बजट में स्वीकृति मिली है। उल्लेखनीय है कि विधानसभा क्षेत्र ब्यावरा, बैरसिया एवं नरसिंहगढ़ की सीमा पर स्थित इस मार्ग पर बना पुराना पुल गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसके बाद से आवागमन पूर्णतः बंद है। इससे हजारों नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। यह मार्ग न केवल ब्यावरा, बल्कि पचोर, नरसिंहगढ़, जीरापुर एवं विदिशा जैसे निकटवर्ती क्षेत्रों के किसानों, विद्यार्थियों, व्यापारियों और आमजन की दैनिक जीवनचर्या तथा व्यापारिक गतिविधियों से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ है। ऐसे में 22 करोड़ की स्वीकृति क्षेत्र के लिए अत्यंत राहतकारी और विकासोन्मुख कदम माना जा रहा है।



**यह हैं प्रमुख स्वीकृतियां जिनसे होगा शहर का विकास**

1. नरसिंहगढ़ एवं बैरसिया के मध्य पार्वती नदी पर नवीन पुल निर्माण हेतु 22 करोड़
2. ब्यावरा में सुठालिया रोड के उन्नयन एवं चौड़ीकरण हेतु 15 करोड़
3. पीपल चैराहा से राजगढ़ बायपास तक सड़क चौड़ीकरण एवं उन्नयन हेतु 4 .50 करोड़
4. नगर ब्यावरा में सड़क उन्नयन को प्राथमिकता
5. ब्यावरा नगर में भी यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।
6. पीपल चौराहा से राजगढ़ बायपास तक सड़क का चौड़ीकरण एवं उन्नयन
7. सुठालिया रोड का उन्नयन एवं चौड़ीकरण
8. इन मार्गों पर प्रतिदिन भारी यातायात का दबाव रहता है, जिससे आवागमन में बाधा, जाम की स्थिति एवं नागरिकों को असुविधा होती है। सड़क उन्नयन कार्य से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि नगर सौंदर्यीकरण और व्यवस्थित शहरी विकास को भी गति मिलेगी।

**खबर संक्षेप**

### प्रदेश उपाध्यक्ष बंसल का स्वागत किया

**सीहोर।** प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के उपाध्यक्ष मुकेश बंसल गुरूवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में मौजूद कार्यकर्ताओं से जिलाध्यक्ष पद कीराय शुमारी के बाद जिला बार एसोशिएशन के पुस्तकालय अध्यक्ष श्रवण वास्तवार के न्यायालय परिसर स्थित एडवोकेट चेम्बर पहुंचे, उनके साथ प्रदेश सचिव विनय मालवीय,जगदीश रोहर भी शामिल थे। चेम्बर में मौजेद कांग्रेस नेता कुतुबउद्दीन शेख,संतोषसिंह अधिवक्ता विजय सक्सेना कैलाश भारती,नीरज सक्सेना, अनुज श्रीवास्तव संजय पटेल, शंकर खरे मनीष राठौर ने अतिथियों का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। संचालन संतोषसिंह ने किया एवं आभार श्रवण वास्तवार ने माना।

### कलेक्टर ने नरवाई जलाने पर लगाया प्रतिबंध

**सीहोर।** जिला दंडाधिकारी बालागुरु के. द्वारा सीहोर जिले की खेतों में नरवाई (गेहूं, चना, मसूर के डंठल) जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार यह प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से लागू होगा और 19 अप्रैल 2026 तक प्रभावशील रहेगा। आदेश में उल्लेख किया गया है कि फसल कटाई के बाद अगली फसल की तैयारी हेतु कुछ किसानों द्वारा खेतों में आग लगाकर नरवाई नष्ट की जाती है, जिससे हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। साथ ही इससे मिट्टी की उर्वरता कम होती है, सूक्ष्म जीव नष्ट होते हैं, जनसंपत्ति और प्राकृतिक वनस्पति को नुकसान पहुंचता है तथा आगजनी की घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

## फसलों को सिंचाई का पानी नहीं मिलने से कई गांव के किसान हैं परेशान

# फसलों को बचाने ग्रामीणों ने रामपुरा जलाशय से पानी छोड़ने की लगाई गुहार

सिंचाई विभाग पर लगाया भेदभाव और तानाशाही के आरोप कलेक्टर को ज्ञापन सौंप रामपुरा जलाशय से पानी छोड़ने की लगाई गुहार, किसानों ने कहा पानी नहीं छोड़ने से फसल हो रही है प्रभावित। सिंचाई विभाग और जिम्मेदारों जनप्रतिनिधियों का का नहीं है ध्यान।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जनपद इलाके के आधा दर्जन से ज्यादा के किसान इन दिनों परेशान हैं और उनकी परेशानी का कारण रामपुरा जलाशय से सिंचाई के लिए पानी न छोड़ना है और अब किसानों ने ज्ञापन के माध्यम से सिंचाई विभाग और जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से रामपुरा जलाशय पानी छोड़ने की गुहार लगाई है।जानकारी अनुसार रामपुरा खुर्द डेम क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिद्धीकगंज, बाजखेडी, जसमत, बापजाबरामत निलबड, पीपलियाखाड़ी, कन्नौद, पागरिया हाट, शाहापुरा के किसानों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है जिसमें मांग की गई है कि जब से रामपुरा से डेम बना हैं तब से यह के कृषकों को कृषि कार्य करने के लिये पानी उपलब्ध कराया जाता रहा हैं इस वर्ष डेम में विगत वर्ष से अधिक पानी भरा हुआ हैं इसके बावजूद भी यह के किसानो को सिंचाई विभाग की मनमानी और तानासाही के कारण पानी कृषकों को नही मिल पा रहा हैं क्योंकि आष्टा नगर पालिका के पेयजल का बहाना बनाकर पानी बंद कर दिया गया हैं। यदि आष्टा के लिये पानी आरक्षित है तो पाईपलाईन से भी आष्टा पानी लाया जा सकता है किन्तु कुछ गांव के कृषकों से मिलजुल कर डेम का पानी नदी के माध्यम से 35-40 किलोमीटर लम्बा पानी छोडकर आष्टा लाना तानाशाही और भ्रष्टाचार को पूर्ण रूप से बढ़ावा दे रहा हैं और उस नदी के किनारे किसानो से धनराशि लेकर फिर पानी छोड़ा जाता हैं



यदि यही पानी पाईपालाईन के माध्यम से पेय जल हेतु आष्टा लाया जाता हैं तो शुद्ध पानी आष्टा आ सकता है लेकिन जहाँ पानी बरबाद हो रहा हैं वही कुछ ही किसानों का इसका फायदा मिल रहा हैं जिन किसानो कि जमीन नहर निकालने के लिये दी गई थी उन्हें उसका लाभ नहीं मिल रहा है इस तरह से किसान पूर्ण रूप से बरबाद होकर फसले सुख रही हैं। जिससे क्षेत्र के किसानो में त्राही त्राही मची हुई हैं और आक्रोश बना हैं जबकि आष्टा पार्वती डेम 6-7 फीट पानी में भर जाता हैं परन्तु आज दिनांक तक रामपुरा डेम में 11 फिट पानी मरा हुआ हैं आष्टा नगर पालिका के पयजल हेतु 8 फिट तक छोड़कर शेष पानी कृषको उपलब्ध कराया जाय जिससे किसानों की फसलों को सिंचाई के लिए पानी मिल सके। इस दौरान इन गांवों के किसान बड़ी संख्या में मौजूद रहे।


**कलेक्टर से करेंगे चर्चा**

मेरी जानकारी में नहीं है, यदि किसान मुझे अवगत कराते हैं तो सम्बन्धित विभाग से बात कर किसानों की समस्याओं को हल करवाने के लिए कलेक्टर साहब से चर्चा करेंगे और कोशिश करेंगे कि किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जा सके।

**दीक्षा सोनू गुणवान,** जनपद अध्यक्ष आष्टा

# नपाध्यक्ष प्रतिनिधि की पहल से समाप्त हुई सफाई मित्रों की हड़ताल

**अपनी मांगों को लेकर थे हड़ताल पर**



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

स्थानीय नगरीय निकाय के समस्त सफाई कर्मचारियों द्वारा अपनी विभिन्न मांगों के चलते सफाई कार्य पर नही आने का निर्णय लेते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए थे। उक्त घटनाक्रम का नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा संज्ञान लेते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति को सफाई कर्मचारियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्त मांगों को गंभीरता से लेते हुए पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा की उक्त पहल पर भारतीय मजदूर संघ राज्य सफाई कर्मचारी मोर्चा भोपाल संभाग अध्यक्ष राहुल वाल्मिकी द्वारा नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा के निज कार्यालय पर अपने सदस्यों के साथ पहुंचे और नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा को आभार पत्र सौंपते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने सफाई संगठन के प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि शीघ्र ही आपकी रूकी हुई तनख्वाह सहित अन्य योजनाओं से प्राप्त भुगतानों को पूर्ण किया जाएगा। पूरी परिषद आप सभी के साथ है। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि सुभाष नामदेव, संगठन के अध्यक्ष राहुल वाल्मिकी के साथ समस्त सफाई दरोगा, जमादार एवं सफाई मित्रगण मौजूद थे।

# नर्मदा परिक्रमा कर आए पहले यात्री का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



ग्रामवासी महोडिया द्वारा नर्मदा परिक्रमा करने वाले इंदर सिंह का भव्य स्वागत किया गया। इंदर सिंह 1 नवंबर 25 से 16 फरवरी 26 तक नर्मदा परिक्रमा करने वाले गांव के पहले नागरिक हैं।

ग्रामवासी महोडिया द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया और निज गांव में इस अवसर पर भंडारे का आयोजन रखा गया। न्यू महाकाल रेस्टोरेंट जावर जोड़, मकवाना हार्डवेयर जोड़ और देवश्री कलेक्शन जावर ने भी स्वागत में भाग लिया।इंदर सिंह को नर्मदा परिक्रमा के दौरान सुरक्षित और सुखद यात्रा की शुभकामनाएं दी गई। और इसके उपलक्ष्य में उनके निज ग्राम में भंडारा भजन संध्या के साथ साथ विभिन्न धार्मिक आयोजन रखे गए।

# वीर शिवाजी महाराज की जयंती पर नेशनल मीडिया फाउंडेशन ने आयोजित किया सम्मान समारोह




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

छत्रपति वीर शिवाजी महाराज की जयंती पर नेशनल मीडिया फाउंडेशन ने पीएम एक्सिलेंस चंदशेखर आजाद कॉलेज में गुरूवार को सम्मान समारोह आयोजित किया। अतिथियों ने छत्रपति वीर शिवाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संतजनों विशिष्ठजनों का शॉल स्मृति चिंह भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराष्ट्र समाज के अध्यक्ष विजय जोशी के द्वारा की गई। कार्यक्रम में नेशनल मीडिया फाउंडेशन जिलाध्यक्ष राजेंद्र नागर ने स्वागत भाषण दिया। नेशनल मीडिया फाउंडेशन जिला सचिव पवन विश्वकर्मा ने कार्यक्रम का विवरण प्रस्तुत किया। संगीतिका महाविद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई। सम्मान समारोह का शुभारंभ महामंडलेश्वर जगतगुरू अजय पुरोहित, संत उद्धवदास महाराज,आचार्य हर्षित शास्त्री,भागवत भूषण पंडित रविशंकर तिवारी,पंडित शेलेश तिवारी पंडित राजेश शर्मा और चंदशेखर आजाद कॉलेज प्राचार्य डॉ. शीलचंद गुप्ता,भाजपा जिलामंत्री प्रीति सोनी नेशनल मीडिया फाउंडेशन प्रदेश उपाध्यक्ष शेलेश पटेल ने छत्रपति वीर शिवाजी महाराज ने किया। अतिथियों का पुष्प मालाऐं पहनाकर नेशनल मीडिया फाउंडेशन जिलाध्यक्ष राजेंद्र नागर आष्टा ब्लाक अध्यक्ष संतोष गुणवान, जावर ब्लाक अध्यक्ष रायसिंह मालवीय के द्वारा किया गया। अतिथियों के द्वारा शॉल स्मृति चिंह भेंटकर पत्रकार विनीत दुबे, पत्रकार अनिल सक्सेना,डॉ आशुतोष दिक्षित, डॉ गगन नामदेव का सम्मान किया गया। महामंडलेश्वर जगतगुरू अजय पुरोहित ने कहा कि शिवाजी ने हमें माला के साथ भाला रखने के लिए प्रेरित किया है गोरिला योद्धा शिवाजी की ही देन है। वह कम संख्या में सैनिकों के होने पर भी दुश्मनों पर बड़ा आघात करते थे। शिवाजी की चतुराई को आज भी याद किया जाता है। संभाजी महाराज ने भी अपने पिता के स्वराज अभियान को आगे बढ़ाया था। देश को शिवाजी जैसे युवाओं की आवश्यकता है। आचार्य हर्षित शास्त्री ने कहा कि छत्रपति वीर शिवाजी महाराज ने स्वराज स्थापित किया था स्वराज का भव उनमें था स्वराज के लिए उन्होने अपने प्राण न्योछवर कर सनातन धर्म के लिए युद्धा लड़ा था। पंडित रविशंकर तिवारी ने कहा कि शिवाजी एक महान योद्धा और रणनीतिकार थे जिन्होंने 1674 में रायगढ़ में मराठा साम्राज्य की स्थापना की वह एक न्यायप्रिय दूरदर्शी शासक और भारतीय नौ सेना को जनक माने जाते है। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. शीलचंद गुप्ता ने कहा कि महाविद्यालय प्रांगण में इस तरह के आयोजन होना महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं और उनके सामाजिक जीवन को कल्याणकारी बनाएंगे। शिवाजी महाराज के पराक्रम से शिक्षा लेने की जरूरत है। कार्यक्रम का संचालन पवन विश्वकर्मा के द्वारा किया गया। आभार रायसिंह मालवीय ने व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पत्रकर केजी बैरागी, अखिलेश गुप्ता, भंवरलाल पाटिल,सक्षम पालीवाल, नरेंद्र खंगराले, विजेंद्र राणा, आशीष गुप्ता, ए आर शेख मुंशी, ओमप्रकाश मुकाती, रामबाबू वर्मा, नीलू चौहान, निकिता बुंदेला,अलका कुशवाहा, ज्योति मालवीय,सरोज राजपूत, भारती पाल, रितिक नागर, सुनील विश्वकर्मा, आशीष मेवाड़ा सहित बड़ी संख्या में नागरिक गण उपास्थित रहे।

# केंद्रीय कृषि मंत्री के संकल्प के पांच साल पूर्ण होने पर भाजपा के जावर मंडल ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



भारतीय जनता पार्टी मंडल जावर द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रतिदिन पौधारोपण के संकल्प के पाँच वर्ष पूर्ण होने के शुभ अवसर पर स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर, जावर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंडल के सभी वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पौधारोपण किया।वरिष्ठ नेता बाबूलाल पटेल ने बताया कि शिवराज सिंह चौहान द्वारा लिया गया यह संकल्प हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने माता-पिता के जन्मदिवस, बच्चों के जन्मदिन अथवा किसी भी शुभ अवसर पर सार्वजनिक स्थल, मंदिर परिसर या अपने घर पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश समाज में व्यापक रूप से प्रसारित हो।इस अवसर पर वरिष्ठ नेता बाबूलाल पटेल, कल्याण सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर, महामंत्री राजा ठाकुर, कैलाश सोलंकी, धर्मेंद्र ठाकुर, दयाराम परिहार, तेज सिंह भाटी, सूरज सिंह पटेल, गोविंदराम मालवीय, हेमंत गोयल, अजय ठाकुर एवं मुकेश मकोडिया सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आष्टा के ग्राम दलपतपुरा में हुआ एक अनोखा और भावुक आयोजन

# मृत बंदर का दाह संस्कार कर किया सामूहिक भोज





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

**अलग खबर**

ग्राम दलपतपुरा में एक अनोखा और भावुक आयोजन देखने को मिला। गांव में कई दिनों से एक बंदर का आना-जाना था, जिससे ग्रामीणों का लगाव हो गया था। विगत दिनों पेड़ से गिरने के कारण उसकी मृत्यु हो गई, जिससे गांव में शोक की लहर फैल गई।ग्रामीणों ने मिलकर बंदर का विधि-विधान से दाह संस्कार किया। इतना ही नहीं दाह संस्कार के बाद ग्रामवासियों और जनप्रतिनिधियों के लिए सामूहिक भोजन की व्यवस्था भी की। किए गए इस आयोजन ने ग्रामीणों ने मानवीय संवेदनाओं और जीवों के प्रति करुणा का संदेश दिया। इस अवसर पर ओम दास पुजारी, रायसिंह मेवाड़ा (नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि), केदारसिंह मंडलोई, देवजी सरपंच (कोठरी मंडल), रघुनाथ मालवीय, रूपेश राठौर, नवयुवक अध्यक्ष सिलेंद्र मेवाड़ा (मुद्दीखेड़ी), राकेश परमार (सरपंच किलेरामा), बाबूलाल (सरपंच सियाखेड़ी), देवीसिंह मेवाड़ा (मेंबर), कैलाश मेवाड़ा (भूतपूर्व सरपंच), दीपसिंह पटेल (लसुड़िया खास), हरिसिंह मेवाड़ा (भूतपूर्व सरपंच अंधीपूरा), मुकेश बैरागी (हाथ पगारिया) एवं मनोहर बैरागी (आष्टा) सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

# एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर में विविध गतिविधियां संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर (अग्रणी) महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस पर विविध शैक्षणिक एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिविर के अंतर्गत परियोजना कार्य स्वरूप एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत अतिथियों एवं ग्रामीणजनों द्वारा वृक्षारोपण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। स्वयंसेवकों को पर्यावरण संवर्धन एवं स्वच्छता के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया। परियोजना कार्य के उपरांत प्रथम व्याख्यान महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी श्री अनिल पिपलोदिया द्वारा दिया गया। उन्होंने स्वयंसेवकों को करियर मार्गदर्शन प्रदान करते हुए स्नातक उपरांत बी.पी.एड. एवं खेल शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी। साथ ही स्पोर्ट्स कोटा के माध्यम से कैरियर निर्माण एवं देश का प्रतिनिधित्व करने की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने खेल क्षेत्र में स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट, स्पोर्ट्स डाइटिशियन, फिटनेस ट्रेनर एवं कोच जैसे विविध कैरियर विकल्पों से विद्यार्थियों को अवगत कराया।

इसके पश्चात डॉ. गरिमा सिंह परिहार, कार्यक्रम अधिकारी (छात्रा इकाई), शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर ने शिविर की थीम "मेरा युवा भारत तथा डिजिटल भारत के लिए युवा" के अंतर्गत डिजिटल साक्षरता पर व्याख्यान दिया। उन्होंने साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताते हुए डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग करने का संदेश दिया।